दिन– मंगलवार दिनांक– 10/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद में आज महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के सदस्य हाथों में पोस्टर बैनर लिए हुए थे। भाकपा माले विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि विपक्ष एकजुट होकर महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा के लिए कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया है। हम सभी चाहते हैं कि इस मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर चर्चा हो। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नियमों को हवाला देते हुए विपक्षी सदस्यों से इस मुद्दे को शून्य काल में उठाने की अपील की। इसके बाद सदन में एक बार फिर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ते देख विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को बुलाया और पोस्टर बैनर हटाने के निर्देश दिये। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सदन में एक तय प्रक्रिया के तहत ही सवाल उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मुद्दे पर जवाब देने के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष को नियमों का पालन करना होगा। इसके बाद विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। सदन में विपक्ष की अनुपस्थिति में ही प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही चली।

———————————————————

इधर, भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद बांकीपुर विधायक नितिन नवीन आज विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। विधानसभा पहुंचने पर एनडीए विधायकों ने उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत सदन के सदस्यों ने नितिन नवीन को बधाई दी। श्री नवीन ने कहा कि उन्हें जो सम्मान मिला है उसके लिए वे सभी के आभारी हैं। उनकी कोशिश होगी कि बिहार का पुराना गौरव स्थापित हो।

———————————————————

इधर, विधान परिषद में भी आज जमकर हंगामा हुआ। कल हुए घटनाक्रम पर राजद ने सवाल उठाए। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हो गयी। राजद के सदस्य वेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामे को देखते हुए सभापति ने मार्शल से हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों को बाहर निकलवाया। इस दौरान राजद विधान पार्षद सुनील सिंह और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी के

बीच तीखी नोंकझोंक भी देखने को मिली। इसके बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

———————————————————————

नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया वुमेन्स एसोसिएशन के सदस्यों ने आज पटना में जमकर प्रदर्शन किया। गांधी मैदान से शुरू हुआ प्रदर्शन मार्च विधानमंडल के घेराव के लिए निकला था, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को डाकबंगला चौराहे पर ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारी नीट छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे।

———————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने सुपौल के छातापुर और पूर्णिया में जाने–माने व्यवसायी संजीव मिश्रा के ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में छापेमारी हुयी है।

———————————————————————

प्रदेश के चौंतीस जिलों में आज से फाइलेरिया उन्नमूलन अभियान की शुरूआत हुयी। अभियान के तहत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार बच्चों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सुबह और शाम के समय ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव पांच डग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आज सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ जगहों पर कोहरे की स्थिति देखी गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखवार के रांटी बरही टोला के पास से उत्पाद विभाग की टीम ने दो फर्जी उत्पाद पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।